पाठ पाँच

मैं और मेरी माँ

मुख से

१. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

क. घर की यह कहानी कौन कह रहा है?
उत्तर-घर की यह कहानी एक छोटी बच्ची कह रही है।

ख. पापा और भैया कहाँ कहाँ कहाँ जाते हैं?
उत्तर- पापा ऑफ़िस और भैया स्कूल जाते हैं।

ग. आटे में ज़्यादा पानी गिर जाने पर बच्ची क्या करती है?
उत्तर- आटे में ज़्यादा पानी गिर जाने पर बच्ची कनस्तर में से एक कटोरी आटा निकाल कर गीले आटे में डालती हूँ।

घ. आटे का रंग कब बदल जाता है?
उत्तर- आटे का रंग गीला होने पर बदल जाता है ।

३.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में दीजिए-

क. घर में पूरा दिन कौन कौन रहते हैं ?
उत्तर- घर में पूरा दिन बच्ची और उसकी माँ रहती है ।

ख. आटा निकालने के बाद माँ बच्ची से क्या कहती है ?
उत्तर-आटा निकालने के बाद माँ बच्ची से पूछती है कि वह कुछ भूल तो नहीं रही है ।

ग. माँ जब आटा गूँघती है, तब बच्ची क्या करती है ?

उत्तर- माँ जब आटा गूँधती है तब बच्ची उसमें पानी डालती है ।

घ. गीले आटे से बच्ची कौन- कौन सी चीज़ें बनाती है?

उत्तर- गीले आटे से बच्ची हाथी की सूँड़,दीया,बतखऔर न जाने क्याक्या चीज़ें बनाती है ।

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो तीन वाक्यों में दीजिए -

क . पाठ में बच्ची माँ के साथ कौन कौन से काम करती है ?

उत्तर- पाठ में बच्ची माँ के साथ आटा गूँथने में मदद करती है।माँ के चेहरे पर लगा आटा अपनी हथेली सेसाफ़ करती है। आटा

गूँधने के बाद बच्ची माँ के हाथ हाथ भी धुलाती है ।

ख. पानी अधिक पड़ जाने पर आटे को सही कैसे करते हैं ?
उत्तर- पानी अधिक पड़ जाने पर आटे को सही करने के लिए उसमें सूखा आटा डालना पड़ता है।

ग.माँ पहले तो बच्ची से आटा ख़राब न करने की बात कहती है, बाद में उसी आटे से ख़ुद भी कुछ सब बनाने क्यूँ बैठ जाती है ? सोच कर लिखिउत्तर - माँ पहले तो बच्ची से आटा ख़राब न करने की बात कहती हैं, बाद में उसी आटे से ख़ुद भी कुछ बनाने बैठ जाती है शायद इसलिए क्योंकि वह बच्ची से बहुत प्यार करती है और उसे नाराज़ नहीं करना चाहती ।

ङ. हमेशा माँ के साथ रहने का बच्ची ने क्या कारण बताया ?

उत्तर- हमेशा माँ के साथ रहने का बच्ची ने कारण बताया की उसकी माँ को कई चीज़ें नहीं आती है।